5

पत्रांक–2/नियुक्ति–06/2021–

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

विनोद कुमार पाठक,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

सचिव,
बिहार तकनीकी सेवा आयोग,
19, हार्डिंग रोड, पटना।

पटना, दिनांक / /2026

विषय : विज्ञापन संख्या–10/2021 द्वारा अनुशंसित अभ्यर्थी डा० ज्ञानेन्द्र कुमार के जन्म तिथि में सुधार करने हेतु मंतव्य/सहमति देने के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विज्ञापन संख्या–10/2021 के विरूद्ध आयोग से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय अधिसूचना संख्या–1540(2), दिनांक–18.11.2021 द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी (पैथोलॉजी) के पद पर अनुशंसित अभ्यर्थियों का नियुक्ति–सह–पदस्थापन किया गया था। वर्त्तमान में डा० ज्ञानेन्द्र कुमार, विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी (पैथोलॉजी), अनुमंडलीय अस्पताल, सिकरहना, पूर्वी चम्पारण द्वारा नियुक्ति–सह–पदस्थापन संबंधी अधिसूचना में अंकित अपने जन्म तिथि में सुधार करने का अनुरोध किया गया है। डा० कुमार से प्राप्त आवेदनों के अवलोकन के क्रम में पाया गया कि आयोग से प्राप्त अनुशंसा में हीं जन्म तिथि से संबंधित गलत सूचना अंकित रहने के कारण डा० कुमार के नियुक्ति–सह–पदस्थापन संबंधी अधिसूचना में भी गलत सूचना अंकित हो गया है। अतः डा० कुमार के जन्म तिथि में सुधार करने से पूर्व आयोग के मंतव्य/सहमति की आवश्यकता है। तद्नुसार आयोग से मंतव्य/सहमति प्राप्त करने संबंधी बिन्दुओं का विवरण निम्नवत् है :–

क्र० सं०	**विज्ञापन संख्या**	**अभ्यर्थी का नाम एवं पंजीयन संख्या**	**संशोधन से संबंधित मामला एवं आयोग से वांछित मंतव्य/सहमति का बिन्दु**
1	2	3	4
(i)	10/2021	डा० ज्ञानेन्द्र कुमार BR00150370000030	आयोग से प्राप्त अनुशंसा में डा० ज्ञानेन्द्र कुमार की जन्म तिथि–**17.09.1973** अंकित है। जबकि उनके द्वारा ऑनलाईन माध्यम से भरे गए आवेदन पत्र में जन्म तिथि–**17.09.1983** अंकित है। उल्लेखनीय है कि डा० कुमार द्वारा अपना जन्म तिथि सुधार कर दिनांक–**17.09.1983** करने का अनुरोध किया गया है। अतः उक्त संबंध में स्थिति स्पष्ट करने की कृपा की जाए।

2 यह भी उल्लेखनीय है कि विभागीय पत्रांक–806(2), दिनांक–21.06.2022 द्वारा डा० आशतुतोश कुमार के नाम में संशोधन करने सहित कुल–02 मामले के संबंध में बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना से वांछित मंतव्य/सहमति की मांग की गयी थी जो अब तक अप्राप्त है।

Desk-02>Dhan>Draft>letter>Vikas>26

3. अतः अनुरोध है कि कंडिका–1 में अंकित सारणी के स्तम्भ–4 तथा उपर्युक्त कंडिका–2 मे अंकित बिन्दुओं के संबंध में आयोग के मंतव्य/सहमति से विभाग को अविलम्ब अवगत कराने की कृपा की जाए ताकि उपर्युक्त चिकित्सकों के जन्म तिथि एवं नाम में सुधार करने के संबंध में अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

4. कृपया इसे अत्यावश्यक समझा जाए।

विश्वासभाजन
ह०/–
(विनोद कुमार पाठक)
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–2/ नियुक्ति–06/2021 656(2) **पटना, दिनांक** 2/4/ **2026**

प्रतिलिपि : संबंधित विशेषज्ञ/सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि : आई०टी० मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

सरकार के उप सचिव।